RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 28 • 11:02:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-




## चीन से तनातनी के बीच मोदी सरकार का नया दांव

• **लद्दाख में एलएसी के पास सैन्य एयरबेस पर शुरू हुआ निर्माण**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच तनावभरे रिश्तों के बीच नरेंद्र मोदी सरकार ने लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब नुब्रा क्षेत्र में थोइस एयरबेस पर एक नए नागरिक टर्मिनल भवन के निर्माण पर काम शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि भारत की यह कार्रवाई चीन की आंखों में आंखें डालकर अपने भौगोलिक क्षेत्र में निर्माण कार्य को बढ़ावा देने और उसे जवाब देने की है। पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से इस क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिक आमने-सामने की स्थिति में रहे है



और अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ सीमा अतिक्रमण का आरोप लगाते रहे हैं। थोइज एक सैन्य एयरबेस है, जिसका रनवे विशेष रूप से सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग किया जाता है लेकिन उड़ान योजना के तहत सरकार यहां से अधिक से अधिक यात्री उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है। हाल के दिनों में लेह से कुछ नागरिक उड़ानें देखी गई हैं। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को थोइज में एक नए एकीकृत यात्री टर्मिनल के निर्माण के लिए एक सलाहकार नियुक्त करने के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। थोइज एयरबेस पर टर्मिनल भवन बन जाने से यह लद्दाख में दूसरा नागरिक हवाई अड्डा बन जाएगा। इससे एलएसी के पास सुदूर उत्तर तक भी नागरिकों की हवाई उड़ान से कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 130 करोड़ रुपये आंकी गई है।

# 17वीं लोकसभा में पीढ़ियों का इंतजार हुआ खत्मः पीएम मोदी

**कहा-इसी सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, संविधान निर्माता देंगे आशीर्वाद**

### बुरे दिन कितने भी गए हों, हम भावी पीढ़ी के लिए कुछ ना कुछ करते रहेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में बजट सेशन के समापन सत्र में शनिवार सुबह 11 बजे लोकसभा की शुरुआत राम मंदिर निर्माण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के साथ हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कहा- आज का दिन



महत्वपूर्ण है। पिछला 5 साल देश के रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म का रहा। मैं सदन और सभी सांसदों का धन्यवाद करता हूं। पीएम ने कहा कि 17वीं लोकसभा में पीढ़ियों का इंतजार खत्म हुआ, इसी सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया। दोपहर 2.30 बजे गृह मंत्री अमित शाह 30 मिनट बोले। उन्होंने कहा- 22 जनवरी का दिन 10 सहस्त्र सालों के लिए ऐतिहासिक दिन बनने वाला है। ये सबको समझना चाहिए। जो इतिहास को नहीं पहचानते हैं, वो अपने वजूद को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 से शुरू हुए संघर्ष और अन्याय के खिलाफ आंदोलन के अंत का दिन है। न्याय की लड़ाई यहां समाप्त हो गई। शाह से पहले एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने दो बार बाबरी मस्जिद जिंदाबाद के नारे लगाए। शाह की स्पीच शुरू होते ही वो सदन से चले गए। इससे पहले भारत रत्न दिए जाने पर चर्चा हुई।

### प्रधानमंत्री मोदी की झाबुआ यात्रा बनेगी शुभंकर

भोपाल (एजेंसी)। 11 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्य प्रदेश में रहेंगे। इस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया में आगे बढ़ रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जो विचार दर्शन है, एक तरह से वह हम



सबके लिए पाथेय हैं। इस भाव से कल हम सब पीएम का स्वागत करेंगे। पीएम मोदी की झाबुआ यात्रा एमपी में पार्टी के लिए शुभंकर साबित होगी। यह कहना है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का। वे शनिवार को भोपाल के लालघाटी क्षेत्र में पार्टी के दीवार लेखन कार्यक्रम में शामिल हुए, और दीवार लेखन किया और कमल का निशान दीवार पर बनाया। इसके बाद उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार मोदी सरकार अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन में मैं स्वयं सम्मिलित हुआ हूं।

## तेजस्वी बिना कागज देखे GDP का फुल फॉर्म लिख दें तो मान जाएंगे-प्रशांत किशोर

चाणक्य भूमि पटना

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के जीडीपी वाले बयान पर तंज कसा है। वहीं कहा कि जो स्कूल नहीं गया, फेल हुआ, पिछली बेंच पर बैठा वही यहां का नेता है। वही बता रहा है कि यहां विकास हो रहा है। उसे विकास लिखने नहीं आता है कि इस शब्द को लिखने में बड़ी ई की मात्रा का प्रयोग होता है या छोटी इ का। अभी आपने कुछ दिन पहले देखा होगा कि यहां के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि GDP तो सबसे ज्यादा बिहार की है, उनको ये समझ ही नहीं है कि GDP है क्या? अगर, बिहार का GDP सबसे ज्यादा है, तो 28वें नंबर पर कौन सा राज्य है? GDP के मामले में बिहार देश के सबसे पिछले पायदान 28वें नंबर पर है पर पूर्व उप-मुख्यमंत्री कैमरे पर कह रहे हैं देश में सबसे ज्यादा GDP तो हम लोगों का है। हुआ ये होगा कि किसी अफसर ने बताया होगा कि सर GDP में ग्रोथ हम लोगों का सबसे बेहतर है। तेजस्वी यादव को GDP और GDP में ग्रोथ का अंतर ही समझ में नहीं आया और कह दिया कि देश में हमारा GDP सबसे बेहतर है। जब आप विद्यालय में नहीं जाते हैं और जीवन में पढ़े ही नहीं तो आपकी यही दशा होगी।

**तेजस्वी यादव की बस यही पहचान है कि वो लालू के लड़के हैंः प्रशांत किशोर-** प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि जैसे सरकार का एक मेंडेट है कि नेताओं को अपनी संपत्ति



का ब्योरा देना होता है, उसी प्रकार यह भी जारी करना चाहिए कि नेताओं ने कौन सी किताब पढ़ी है। अगर मेरा बस चले तो एक नियम यह भी जारी करना चाहिए कि नेताओं ने पिछले एक साल में कौन सी किताब पढ़ी है उसके बारे में बताएं। इन लोगों को क्या मतलब है इससे, उलूल-जलूल बातें की, लोगों को जाति-धर्म में बांटा, पैसा, शराब, बालू का काम किया, पैसा वसूल कर टिकट बांटा, जाति के नाम पर लोग गरीबी-मजबूरी में वोट दे देते हैं उसके बाद नेता बनकर ज्ञान दे रहा है। तेजस्वी यादव अगर बिना कागज देखे जीडीपी का फुल फॉर्म लिख दें तो हम मान जाएंगे। खड़े होकर जीडीपी के बारे में बता दें कि ये होता क्या है, कम है, ज्यादा है उसके बारे में छोड़ दीजिए। अपने सारे सलाहकारों की मदद लेने के बाद भी अगर तेजस्वी यादव बिना कागज देखे हुए जीडीपी को परिभाषित कर दें कि जीडीपी होता क्या है, जीडीपी का कैल्कूलेशन होता कैसे है, तो हम ये काम छोड़कर तेजस्वी यादव का झंडा ले लेंगे। खाली वह 4 दिन तैयारी करके कैमरे पर आकर बता दें कि जीडीपी जोड़ा जाता है। तेजस्वी यादव की क्या पहचान है, वो नौंवी फेल आदमी है।

## लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को फिर लगा झटका

• **पंजाब की सभी 13 सीटों पर लड़ेगी एएपी, केजरीवाल का ऐलान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा है। दरअसल, आप ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। वहीं, आज आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों और चंडीगढ़ की एक लोकसभा सीट पर उम्मीदवार



उतारने का ऐलान किया है। दिल्ली के सीएम ने घोषणा की है कि जल्द ही सभी सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी एक पखवाड़े के भीतर पंजाब की 13 लोकसभा सीट और चंडीगढ़ की एक संसदीय सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। उन्होंने लोगों से आप के उम्मीदवारों की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।

# कर्नाटक में हनुमान पताका हटाने का मामला नहीं हो रहा शांत

### हिंदू संगठनों की धमकी और चेतावनी, गंभीर परिणाण भुगतने का दिया अल्टीमेटम

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में 26 जनवरी को उठे हनुमान के झंडे का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। 108 फीट की ऊंचाई पर लहरा रहे हनुमान के झंडे के हटाने के बाद कर्नाटक का मांड्या उबल पड़ा था। बीते लगभग एक हफ्ते से यहां शांति का माहौल था लेकिन एक बार फिर से राज्य में अंदर ही अंदर अशांति फैल रही है। हिंदू संगठनों ने इस मुद्दे पर शांत नहीं बैठने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि जब तक 108 फीट से हटाए गए हनुमान के झंडे को वापस नहीं लगाया जाता, वे शांत नहीं बैठेंगे। विश्व हिंदू परिषद ने तो सरकार को उनकी मांग न मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने के चेतावनी तक दी है। हिंदू संगठन लगातार कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारियों ने मांड्या



जिले में भी सुरक्षा बढ़ा दी है। यहां दुकानें बार-बार बंद हो रही हैं। लोगों को कुछ बड़ा होने का संदेह डरा रहा है। मांड्या जिले को चारों तरफ से घेर लिया गया है। भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। पुलिस ने कांग्रेस विधायक गनीगा रवि के आवास पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी है। बीजेपी और जेडीएस ने भी विरोध प्रदर्शन का मौन समर्थन किया है। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल सहित हिंदू संगठनों ने मांग की है कि राज्य सरकार मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ के ऊपर हनुमान ध्वज को फिर से स्थापित करे।

## शेख शाहजहां को लेकर फिर उबलने लगा बंगाल

### महिलाओं के प्रदर्शन के बाद संदेशखली में धारा 144 लागू, इंटरनेट बंद

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में पुलिस ने धारा 144 लगा दी है। दरअसल, स्थानीय लोग, खासकर महिलाएं विरोध-प्रदर्शन कर फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और उनके अनुयायियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रही है। शाहजहां 5 जनवरी को ईडी और सीएपीएफ कर्मियों और उनके समर्थकों पर हमला करने में शामिल है। पुलिस प्रशासन ने स्थिति सामान्य होने तक इलाके में इंटरनेट के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है। संदेशखाली-1 और संदेशखली-2 के दो ब्लॉकों में फैली 16 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में धारा 144 लागू करना और इंटरनेट पर प्रतिबंध एक साथ जारी रहेगा। 5 जनवरी को हुए हमले के बाद से, शाहजहां केंद्रीय एजेंसी के साल्ट लेक कार्यालय में उपस्थिति के लिए ईडी के समन के बाद से फरार है।

**पाकिस्तान चुनाव**

## इमरान की पार्टी का दावा-हमारे पास 170 सीटें

### चेयरमैन गौहर खान बोले-इमरान तय करेंगे प्रधानमंत्री

### गठबंधन के लिए तैयार नवाज शरीफ-बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद नतीजे आ रहे हैं। यहां किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं है। इमरान खान के समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार 100 सीटों के साथ सबसे आगे हैं। नवाज की पार्टी 71 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर है। इस बीच पाकिस्तान में खैबर पखतूनख्वा समेत कई प्रांतों में हिंसा फैल गई है। जेल में कैद इमरान की पीटीआई और बिलावल की पीपीपी ने कई सीटों पर धांधली के आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिए गए हैं। बाकी 70 सीटें रिजर्व हैं। सरकार बनाने के लिए 134 सीटों पर बहुमत होना जरूरी है। पाकिस्तान में मुख्य रूप से 3 पार्टियों के बीच मुकाबला है। इनमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी शामिल हैं। पाकिस्तान के नतीजों में देरी और उन पर उठते सवालों के बीच राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने कहा- अगर हमारे यहां ईवीएम होती तो ये संकट पैदा नहीं होता। ईवीएम से 5 मिनट में हर सीट के नतीजे आ जाते। हमने ईवीएम हासिल करने के लिए काफी लंबे समय तक संघर्ष किया है। अगर ईवीएम होती तो मेरा मुल्क इस सियासी संकट से बच जाता। सत्ता में रहने के दौरान इमरान खान ने भी पाकिस्तान में बैलेट पेपर की जगह ईवीएम से वोट कराने के लिए बिल पेश किया



था। इमरान की गैर मौजूदगी में पीटीआई के चेयरमैन बने गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति सरकार बनाने के लिए उनको बुलाएंगे।

## हरियाणा में खराब लस्सी पीने से 13 लोग बेहोश

### 7 लोगों की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती, एक ही परिवार के हैं सभी सदस्य

**नूंह (एजेंसी)।** हरियाणा के नूंह जिले के गांव बुराका में खराब लस्सी पीने से एक ही परिवार के 13 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। बेहोशी की हालात में 7 लोगों को आस पास के लोगों द्वारा मेडिकल कॉलेज नलहड़ में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है। अभी तक 13 लोगों की भर्ती होने की सूचना मिली है। प्रत्यक्षदर्शी आबिद हुसैन ने बताया कि उनके गांव बुराका में एक ही परिवार के 13 लोग अचानक बीमार हो गए हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। सभी लोग शाम का भोजन कर आराम कर रहे थे। इसके बाद में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। इधर, सूचना मिलते ही भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी जाकिर हुसैन की पत्नी नसीमा हुसैन मेडिकल कॉलेज में पीड़ितों का हाल-चाल जानने पहुंची और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

# ‘राम के बिना देश की कल्पना नहीं की जा सकती’



### लोकसभा में अमित शाह बोले-22 जनवरी 500 सालों के संघर्ष का प्रतीक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा और राज्यसभा दोनों में राम मंदिर के निर्माण और 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा समारोह) पर चर्चा जारी है। शनिवार को बजट सत्र का समापन 17वीं लोकसभा की कार्यवाही के समापन का भी प्रतीक है। भाजपा के सांसद सत्यपाल ने लोकसभा में राम मंदिर पर चर्चा के दौरान कहा कि राम एक चेतना, विरासत और मोक्ष हैं। राम मंदिर सांप्रदायिक मुद्दा नहीं है। वहीं अमित शाह ने कगहा कि राम के बिना देश की कल्पना नहीं की जा सकती। अमित शाह ने राम मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस के विरोध करने पर आड़े हाथों लिया। उन्होंने एक गुजराती के कहावत को याद करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि राम मंदिर का निर्माण कानून संगत है।



उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई यह एक लंबी लड़ाई थी। शाह ने कहा राम राजनीति नहीं राष्ट्रनीति हैं। जिस वक्त गृहमंत्री बोल रहे थे उस वक्त सदन में जय श्री राम के नारे लग रहे थे। गृह मंत्री ने कहा, जो राम के बिना भारत की कल्पना करते हैं, वो भारत को नहीं जानते। राम प्रतीक हैं कि करोड़ों लोगों के लिए आदर्श जीवन कैसे जीना चाहिए, इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। कई भाषाओं, कई प्रदेशों और कई प्रकार के धर्मों में भी रामायण का जिक्र, रामायण का अनुवाद और रामायण की परंपराओं को आधार बनाने का काम हुआ।

# बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले ‘भोज पॉलिटिक्स’

### दाल मखनी से लेकर चिकेन करी तक का इंतजाम

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में 12 फरवरी को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट है। इससे पहले बीजेपी-जेडीयू और आरजेडी-कांग्रेस अपने विधायकों को एकजुट करने की नई-नई तरकीब निकाल रही है। पटना में आजकल भोज पॉलिटिक्स परवान चढ़ रही है। जेडीयू के सीनियर नेता और मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर जेडीयू विधायकों का जमावड़ा लगा तो वहीं राबड़ी आवास पर आरजेडी विधायकों के लिए पुख्ता इंतजाम किया गया है। बताया जा रहा है कि इसमें लिट्टी-चोखा और दाल-मखनी से लेकर चिकन करी तक का बंतोबस्त किया गया है। नीतिश सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले गजब का खेला चल रहा है। जेडीयू ने अपने विधायकों को पटना बुला लिया है। मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर भोज आयोजित किया गया है। माना जा रहा है कि इसी के बहाने नीतिश कुमार सदन से बाहर अपना शक्ति परीक्षण कर लेना चाह रहे हैं। नीतिश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार का 12 फरवरी को बिहार



विधानसभा में बहुमत परीक्षण होना है। आरजेडी के खेला होगा के दावे के बीच नीतिश ने विधायकों को एकजुट रखने की कवायद शुरू की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल में बंद कैदी को गाजर के अंदर खैनी पहुंचाते मुलाकाती गिरफ्तार, पुलिस ने ऐसे धर दबोचा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जेल में बंद किशोरी के अपहरण के आरोपित कुढ़नी थाना के मुजफ्फरा कमतौल निवासी राकी कुमार उर्फ गुड्डू को गाजर के अंदर खैनी छिपाकर भेज रहे मुलाकाती सूरज कुमार को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

वह नगर थाना के सिकंदरपुर ओपी क्षेत्र के सिकंदरपुर कुंडल निवासी हैं। इस संबंध में जेल उपाधीक्षक ने मिठनपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा कि राकी पिछल साल 17 मार्च से जेल में बंद है। शुक्रवार को उससे मिलने सिकंदरपुर कुंडल का सूरज कुमार आया। वह थैला में लाया गया गाजर उसे देना चाह रहा था। जब इसकी तलाशी ली गई तो गाजर के अंदर छिपाकर रखी गई खैनी मिली।

### दांत से 50 किलो बोरी उठाते सिपाही का वीडियो वायरल

**सहरसा , एजेंसी।** सहरसा में दांत से 50 किलो की सीमेंट का बोरी उठाते हुए अग्निशमन कार्यालय के सिपाही का वीडियो वायरल हो रहा है। इस कारनामे को देखकर इलाके में उनकी काफी चर्चा हो रही है। वायरल वीडियो सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र के अग्निशमन कार्यालय में पदस्थापित सिपाही का है। वही वीडियो गुरुवार का बताया जा रहा है।

वही सिपाही की पहचान इंदल पासवान के रूप में हुई है, जो सिमरीबख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत अग्निशमन कार्यालय में पदस्थापित है। इंदल पासवान नौकरी में आने के पहले से इस तरह के कारनामे करते थे। साथ ही साथ प्रत्येक दिन 10 किलोमीटर दौड़ते हैं और घंटों व्यायाम भी करते हैं।

इंदल पासवान ने बताया कि मुझे बचपन से ही इन सब चीजों का शोख था। नौकरी में आने के पहले से मैं 50 किलो से 60 किलो तक का बोरी उठाने का प्रयास करता था। वहीं अब मेरा प्रयास 70 किलो तक का बोरा उठाने का है। वैसे 65 किलो तक भी मैने उठाने का प्रयास किया है।

### शादी का दबाव बना रही थी गर्लफ्रेंड, मिली मौत

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में यूपी की एक युवती की प्रेम प्रसंग में हत्या कर दी गई। पांच फरवरी को सलेहपुर गांव स्थित गेहूं के खेत से एक अज्ञात लाश मिली थी। लाश के हाथ में टैटू था। पुलिस ने जांच शुरू की तो टैटू के जरिए 9 फरवरी को पता चला कि बॉडी यूपी के जौनपुर की रहने वाली सोनी यादव की है।

पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, प्रेमी समेत अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने देसी कट्टा और कारतूस भी बरामद किया है।

तकनीकी जांच के दौरान पुलिस ने गोपालगंज के ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। बताया गया कि युवती के प्रेमी का भाई इस हत्याकांड में शामिल है। उसने अपने भाई और अन्य लोगों के साथ मिलकर युवती की गोली मारकर हत्या की है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि महम्मदपुर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया। सूचना के आधार पर मौके से मिले साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से अवैध देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस, 1 खोखा और घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में घटना के मुख्य अपराधी गुलशन यादव ने बताया कि जौनपुर के बरेरी गांव निवासी उमाशंकर यादव की बेटी सोनी यादव का मेरे बड़े भाई रमेश यादव उर्फ राज के साथ कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती मेरे भाई का पीछा नहीं छोड़ रही थी। वह शादी के लिए लगातार दबाव बना रही थी। इसलिए साजिश के तहत मैंने अपने भाई और उसकी प्रेमिका को 3 फरवरी की रात सलेहपुर के पास बुलाया। अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या के बाद शव को सड़क किनारे गेहूं के खेत में छिपाने की नीयत से फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि शव के पास मिले साक्ष्य के आधार पर मामले की जांच शुरू की गई। हालांकि, अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के उद्भेदन में बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मी को 10,000 की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

# नीतीश कुमार की पार्टी में होगी टूट?

## विधायकों को बचाने के लिए जेडीयू हुई अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा में एनडीए के पास पूर्ण बहुमत है। विपक्ष द्वारा खेला का दावा हवा-हवाई है। विपक्ष का मंसूबा कामयाब नहीं होगा। सत्ता गंवाने के बाद विपक्षी कुनबा राजनीतिक रूप से बेरोजगार हो चुका है। यही वजह है कि बिना किसी बात के हो हल्ला मचाए हुए है। नीतीश कुमार की पार्टी को तोड़ना असंभव है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष की ओर से जनता में भ्रम की स्थिति पैदा करने के लिए आधारहीन व बेतुकी बयानबाजी की जा रही है। इसका कोई राजनैतिक औचित्य नहीं है।जोड़-तोड़ की राजनीति करने वालों का मंसूबा कभी सफल नहीं होगा।

अंत में उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी। एनडीए को 128 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। यह बहुमत से छह अधिक है। साफ तौर पर सत्ता का गणित एनडीए के पक्ष में है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दरअसल विपक्ष रो अपने साथ ही खेला होने का डर सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस ने अपने दल के सभी विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट कर दिया है। दूसरे के घरों में तोड़-फोड़ की साजिश रचने से पहले विपक्ष को अपने घर की चिंता करनी चाहिए।

जदयू अपने विधायकों को एक साथ दिखाने को ले भोज का माध्यम अपनाया है। सोमवार को विधानमंडल बजट सत्र के आरंभ के दिन ही फ्लोर टेस्ट होना है। फ्लोर टेस्ट के दो दिन पहले से ही विधायक पटना में एक साथ दिखें, यह व्यवस्था की जा रही। इसके लिए भोज को माध्यम बनाया जा रहा। शनिवार को जदयू कोटे से मंत्री बने श्रवण कुमार के आवास पर भोज का आयोजन होना है। इस भोज में शामिल होने के लिए जदयू ने अपने सभी विधायकों को आमंत्रित किया है। यह भी संभव है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी वहां मौजूदगी रहे। रविवार को मंत्री विजय चौधरी के आवास पर जदयू विधायकों के भोज की खबर है। अपने विधायकों की एकजुटता को लेकर प्रायः राजनीतिक दल सक्रिय हैं। कांग्रेस ने अपने विधायकों को हैदराबाद में प्रवास कराया हुआ है। भाजपा अपने विधायकों के लिए बोधगया में प्रशिक्षण शिविर कर रही। वहीं जदयू इसके लिए डिनर डिप्लोमेसी शुरू कर रहा है।

### क्या समझते हो किसी को भी खरीद लोगे, जेडीयू ने लालू परिवार को चेताया, कहा- इतना घमंड ठीक नहीं

**पटना, एजेंसी।** जदयू में टूट को लेकर राजद-कांग्रेस की बयानबाजी पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चट्टान की तरह मजबूत है जदयू।




राजीव रंजन ने कहा कि सत्ता का ख्याली पुलाव पका रहे राजद-कांग्रेस नेता इस बात की गांठ बांध लें कि उनका कोई भी जोर जदयू कार्यकर्ताओं पर चलने वाला नहीं है। जदयू के कार्यकर्ताओं की वफादारी जनता के प्रति है।

परिवारवादी ताकतें उन्हें किसी भी कीमत पर झुका नहीं सकती।

राजीव रंजन ने कहा कि राजद-कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों ने हमेशा ही सेवा के बजाए मेवा लूटने को तरजीह दी है। जनता से लूटी अकूत संपदा पर उन्हें इतना घमंड है कि उन्हें यह लगता है कि वह किसी को भी खरीद लेंगे। ये लोग जान लें समाजवादी जनसेवा के लिए जाने जाते हैं। उनका जमीर परिवारवादी की तरह बिकाऊ नहीं होता।

बता दें कि तेजस्वी यादव ने सरकार गिरने के बाद नीतीश कुमार को चुनौती देते हुए कहा था कि खेला अभी बाकी है। आगे बड़ा खेला होगा। इतना ही नहीं अब आरजेडी के बड़े नेता भाई बीरेंद्र ने भी जेडीयू को चुनौती देते हुए कहा कि 12 तारीख को खेला होगा, बाकी सब राज है, इसे राज ही रहने देना चाहिए।

### जीतन राम मांझी फ्लोर टेस्ट से पहले भड़के, 3 बार लिखा पीएम मोदी का नाम



**पटना, एजेंसी।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह और उनकी पार्टी भाजपा के साथ ही रहेगी।

विधानसभा में एनडीए सरकार के विश्वासमत से पहले अलग-अलग दलों में विधायकों के टूट के दावे के बीच मांझी ने कहा कि वह कुर्सी के फेर में नहीं पड़ते।

मांझी ने शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया- मेरे लिए कोई सत्ता की कुर्सी मायने नहीं रखती। बस गरीबों, मजलूमों, दबे-कुचलों के हक और हकूक की आवाज उठती रहे, उनका काम हो, यही काफी है। मैं गरीब जरूर हूं पर कुर्सी के लालच में किसी को धोखा नहीं दे सकता। हम मोदी जी के साथ थे। हम मोदी जी के साथ हैं। हम मोदी जी के साथ रहेंगे।

मांझी के बेटे एवं हम कोटे से मंत्री बने संतोष कुमार सुमन ने भी सरकार के विश्वासमत हासिल करने का दावा किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- जो लोग मैदान के बाहर हैं, वे केवल शोर ही मचा सकते हैं, खेला नहीं कर सकते।

जो विधायकों को तोड़ने का दंभ कर रहे हैं, ये लोग अपने विधायकों की टूट को नहीं बचा पाएंगे। हमारी सरकार विश्वास मत के दिन 128 से ज्यादा वोट हासिल करेगी। महागठबंधन के दर्जनों विधायक क्रास वोटिंग करेंगे।



## अगले चार दिनों में मिलेगी ठंड से राहत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** उत्तर बिहार के जिलों में सर्द पछिया बयार के तेज झोंकों के कारण ठंड की विदाई नहीं हो पा रही है। दिन में धूप निकलने के बाद भी सूर्य के तेवर नरम पड़ जा रहे हैं। इस बीच राहत भरी खबर है कि मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में ठंड से राहत मिलने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अनुसार अब ठंड से धीरे-धीरे निजात मिलने की संभावना दिख रही है। शुक्रवार को सुबह से ही धूप निकली। इस बीच अधिकतम तापमानः 21.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम रहा। बसंत पंचमी से ठीक पहले 2-13 फरवरी को पटना, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल इसके अलावा दक्षिण मध्य भागों के गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद के एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह भी सामान्य से 4.8 डिग्री कम बताया गया है। डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के वरीय मौसम विज्ञानी डा. ए सत्तार ने बताया कि उत्तर बिहार के जिलों में अगले पांच दिनों तक हल्के बादल देखे जा सकते हैं। इस अवधि में तीन से पांच किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है। इससे धूप रहने के बावजूद लोगों को हल्की गुलाबी ठंड महसूस होगी। मौसम विज्ञानी के अनुसार अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान 22 से 24 और न्यूनतम तापमान 11 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 90 तथा दोपहर में 60 से 70 प्रतिशत रहेगी।

मौसम विज्ञानी डा.सतार ने कहा कि गरमा मौसम की सब्जियों के लिए अगर खेतों में तैयारी हो चुकी है तो किसान बुआई शुरू कर सकते हैं। जिनके खेत तैयार नहीं हो पाए हैं, वैसे किसान तैयारी जल्दी करें। गरमा मौसम की सब्जियों के लिए विज्ञानी ने मौसम को अनुकूल बताया है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि 150-200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर खाद की मात्रा पूरे खेत में अच्छी प्रकार बिखेरकर मिला दें। कजरा (कटुआ) पिल्लू से होने वाले नुकसान से बचाव हेतु खेत की जुताई में क्लोरपायरिफास 20 ईसी दवा का दो लीटर प्रति एकड़ की दर से 20-30 किलो बालू में मिलाकर व्यवहार करें। सब्जियों में निकाई-गुड़ाई एवं आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। शुष्क मौसम की संभावना को देखते हुए किसान हल्दी एवं ओल की तैयार फसलों की खुदाई प्राथमिकता से कर सकते हैं।

## फ्लोर टेस्ट से पहले बोधगया पहुंचने लगे भाजपा विधायक, सभी आराम से ले रहे चाय की चुस्की

**गया, एजेंसी।** मोक्ष और ज्ञान की भूमि बोधगया में भाजपा के विधायक एवं विधान परिषद का प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए बिहार के अलग-अलग जिलों से विधायक पहुंचने लगे हैं। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए 27 विधायकों ने अपना पंजीयन कराया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार शेष विधायक बोधगया आने के रास्ते में है।

जानकारी हो कि भाजपा के 78 विधायक और 24 विधान पार्षद हैं। इन्हें प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना है। वर्तमान समय में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र कुमार और संगठन मंत्री भिखू भाई दिलसानिया शनिवार की सुबह ही बहुत ज्ञान पहुंच गए हैं।

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार सम्राट चौधरी और दूसरे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी यहां जल्द ही पहुंचेंगे। इससे पहले बिहार सरकार के पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार प्रशिक्षण शिविर में पहले से मौजूद हैं। सभी विधायकों और विधायक पार्षदों के आने के उपरांत प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की जाएगी।



दो दिनों तक चलने वाली प्रशिक्षण शिविर में बिहार विधानसभा में विश्वास मत को लेकर कई तरह की चर्चाएं होगी। साथ ही संगठन से जुड़े हुए विषय पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। जानकारी यह भी मिली है कि शनिवार की शाम 5:00 बजे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सदन में राम मंदिर को लेकर वक्तव्य होना है, उनके वक्तव्य का बोधगया के प्रशिक्षण स्थल पर सीधा प्रसारण देखा जाएगा।

इसकी भी तैयारी कर ली गई है। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह बिहार के विधायक और विधान पार्षद को संबोधित करेंगे। उसके उपरांत सभी विधायक और विधान पार्षद रविवार की शाम भगवान विष्णु और भगवान बुद्ध को नमन करने के उपरांत पटना के लिए रवाना हो जाएंगे।

### फरक्का एक्सप्रेस 5 घंटे से भी अधिक लेट-संपूर्ण क्रांति, गरीब रथ भी अपने निर्धारित समय से घंटों लेट

**पटना , एजेंसी।** शनिवार के दिन भी 5 से अधिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों लेट हैं। सबसे अधिक लेट मालदा टाउन भटिंडा फरक्का एक्सप्रेस चल रही है। यह गाड़ी 5 घंटे से भी अधिक लेट है। इसके अलावा लोकल में चलने वाली ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से डिले चल रही हैं। इसमें 03231 राजगीर दानापुर मेमू, 03271 इस्लामपुर पटना मेमू, 03217 बरौनी दानापुर मेमू शामिल है। ये गाडियां भी अपने निर्धारित समय से 6 से 20 मिनट लेट चल रही हैं।

12394 नई दिल्ली राजेंद्र सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 41 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 6:35 बजे है।

22406 आनंद विहार भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 54 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 5:55 बजे है।

13483 मालदा टाउन भटिंडा फरक्का एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 5 घंटे 25 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 4:45 बजे है।

## नग्न हालत में फंदे से लटका मिला युवक का शव, ईयर फोन लगाए हुए था युवक



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में शनिवार की अहले सुबह एक कमरे से नग्न अवस्था में फंदे से लटका हुआ युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। घटना लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गगन दीवान मोहल्ले की है। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर मोहल्ला निवासी नेजाक आलम का (23) वर्षीय पुत्र नेसाफ आलम उर्फ अमन के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि शनिवार की अहले सुबह पास के कमरे में रहने वाले व्यक्ति मोहम्मद फहीम ने फोन कर पुलिस को सूचना दी कि अमन फांसी के फंदे से लटक खुदकुशी कर लिया है। वह नग्न अवस्था में है और कान में हेडफोन डाला हुआ है। घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

पुलिस आशंका जाहिर कर रही है कि युवक किसी से वीडियो कॉल करते हुए कमरे को बंद कर सुसाइड किया है। वह गगन दीवान में रहकर ई-रिक्शा चलाने का काम करता था। अपने परिवार के साथ सोहसराय में रहता था लेकिन कल किसी वजह रात में यहीं रुक गया था। आत्महत्या के कारणों पर सस्पेंस बना हुआ है। इस मोहम्मद फहीम ने बताया कि टोटो चालक अमन अपना टोटो लेकर शुक्रवार को आया और उससे पूछा कि आज कहीं जाना है क्या वह जूते चप्पल घूम घूम कर बेचा करता है। लेकिन जुम्मा के दिन रहने के कारण मैं कल कहीं नहीं निकला था। नमाज पढ़कर कमरे पर आ गया। शाम तक अमन का टोटो बाहर ही खड़ा था।

## नीतीश बोले-मामूली परीक्षा लेंगे, शर्तों में फंसे 3.50 लाख शिक्षक

**पटना, एजेंसी।** 'जिन लोगों को हमने नियोजित शिक्षक के रूप में बहाल किया था। हमने सोच लिया है कि उनके लिए एक मामूली परीक्षा का आयोजन करेंगे और उन्हें भी परमानेंट सरकारी बनाएंगे।'

यह घोषणा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2 नवंबर 2023 को गांधी मैदान के मंच से की थी। जब चुनाव सिर पर आया तो इसमें तेजी दिखी, लेकिन विभाग के एसीएस केके पाठक ने रोड़ा अटका दिया। शर्त ऐसी रखी कि नियोजित शिक्षक पहले उग्र हुए और अब डिप्रेशन में जा रहे हैं। उनके सामने कई चुनौतियां हैं। पहले बच्चों को पढ़ाएं या तैयारी करें।

बिहार में साढ़े तीन लाख में से एक लाख शिक्षक 20 साल से पढ़ा रहे हैं। वे कंप्यूटर फ्रेंडली नहीं है। सक्षमता परीक्षा ऑनलाइन होनी है। विभाग भी इसे समझ रहा है, इसलिए ट्रेनिंग दे रहा है,



लेकिन वह पूरी तरह ट्रेंड नहीं हो पाए हैं।जानिए क्या है नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने वाली सक्षमता परीक्षा, जिसके खिलाफ खड़े हो गए हैं साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षक...।

साल 2003 से 2022 के बिहार के साढ़े तीन लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए ये परीक्षा ली जा रही है। इसे पास करने के बाद सभी नियोजित शिक्षक राज्यकर्मी बन जाएंगे। यह मांग कई सालों से बिहार के यह शिक्षक कर रहे थे। इनकी इस मांग को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सक्षमता परीक्षा का ऐलान कर राज्यकर्मी बनाने का वादा किया था। सभी नियोजित शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ी। वजह- मामूली परीक्षा देने की बात कही गई थी।

अब जब समय आया तो पता चला कि परीक्षा बिहार बोर्ड कंडक्ट करवाएगी। वहीं, परीक्षा का पैटर्न बीपीएससी ने तैयार किया है, जोकि ऑनलाइन मोड में होगा। मगर अब इसमें केके पाठक ने सरकार से कुछ टर्म्स एंड कंडीशन जोड़ने की मांग की है। जिससे सभी नियोजित शिक्षक सहमत नहीं हैं।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने सक्षमता परीक्षा में कुछ टर्म्स एंड कंडीशन जोड़ने के लिए सरकार से इजाजत मांगी है। अगर सरकार नियोजित शिक्षकों के लिए होने वाले सक्षमता परीक्षा में जोड़े जाने वाले केके पाठक की शर्तों को मान लेती है, तो कई शिक्षकों को उनकी नौकरी जाने का भी खतरा बन जाएगा।

### 11 दिन से अपहृत चिमनी व्यवसायी का पुत्र बरामद

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी के सोनबरसा से अपहृत हुए चिमनी संचालक के पुत्र अभिषेक को 11 दिन बाद के अपहरणकर्ताओं ने मुक्त कर दिया। बताया गया की सोनबरसा थाना क्षेत्र के इंदरवा-सखुआवा के बीच सुबह करीब 4 बजे उसे आंख में पट्टी बांधकर उस छोड़कर फरार हो गए।

जिसके बाद पुलिस को सूचना लगी की उसे मुक्त कर दिया गया है तो उसे अपने कब्जे में लिया और थाने पर लाया है। बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करेगी। उसके बाद उससे कोर्ट में 164 का बयान लिया जाएगा। फिलहाल इस मामले में पुलिस अभी कुछ भी बताने से इनकार कर रही है।

पीड़ित अभिषेक कुमार ने एक शब्द में बताया की उसे फूस के घर में रखा गया था। जहां खाने में सिर्फ उसे फल दिया जाता था। वही उसने बताया कि उसके साथ कोई मारपीट नहीं की गई है। 11 दिनों तक उसके आंख में पट्टी बांधकर एक घर में रखा गया था। हांलाकि अभिषेक के सिर पर चोट के निशान भी देखा जा रहा है। जिससे यह साबित होता है कि अपहरणकर्ताओं ने उसके मारपीट भी की है। फिलहाल अभिषेक और उसके परीजन थाने में बैठे है।

बता दे की पुलिस लगातार 11 दिन से अपहृत युवक अभिषेक के बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही थी। वही, अपहरणकर्ताओं ने व्यवसायी से करीब 3 करोड़ रुपए की डिमांड किया था। हालांकि, अभी भी पुलिस या परिजन कुछ भी विशेष बताने से पीछे हट रहे है। खास बात तो यह है की अपहरणकर्ता गाड़ी से आकर बीच चौराहे पर उसे छोड़ गया और पुलिस उसकी भनक तक नहीं लगी।

# सुगौली में दवा खाने से एक दर्जन से अधिक बच्चे पड़े बीमार, अफरातफरी

- एंटी फाइलेरिया सहित तीन दवा खाने के कुछ देर बाद बिगड़ी तबियत
- प्राथमिक विद्यालय उर्दू, बेलवतिया स्कूल का है मामला



चाणक्य भूमि। सुगौली

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय उर्दू, बेलवतिया में दवा खाने के बाद एक दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए। एक साथ दवा खाने के कुछ देर बाद ही छात्रों के सिर व पेट मे दर्द होने की शिकायत से अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। इसके बाद घटना से सीएचसी प्रभारी को अवगत कराया गया। तबियत बिगड़ने की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से वहां से छात्रों को सीएचसी लाया गया। इसमें वर्ग तीन के छात्र मनजीत, वर्ग दो की छात्रा सफ़रिना, वर्ग एक की छात्रा समना, वर्ग तीन की छात्रा शबनम, वर्ग एक के छात्र हरिओम कुमार, सलोनी कुमारी, वर्ग दो के छात्र उज्ज्वल कुमार, वर्ग तीन की छात्रा कंचन कुमारी, वर्ग एक के छात्र अफरीज आलम, सब्बू खातून आदि शामिल थे। छात्रों के पहुंचने पर सीएचसी में कार्यरत डॉ.पल्लवी ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दो वर्ष आयु से ऊपर के बच्चों को एंटी फाइलेरिया, एल्बेंडाजोल व डीईसी की दवा दी जा रही है। दवा खाने से किसी तरह की कोई परेशानी की बात नहीं है। इन बच्चों को दवा खाने के बाद हुई परेशानी की जांच की जा रही है। बच्चों के पेट में कीड़ा होने पर भी इस तरह की समस्या हो सकती है। छात्रों ने डॉक्टर को सिर दर्द व पेट दर्द होने की बात बताई। इस बाबत छात्रों ने एमडीएम खाने से पहले दवा खाने की बात बताई। **परिजनों ने काटा बवाल** दवा खाने के बाद बच्चों की तबियत बिगड़ने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने विद्यालय में आकर जमकर बवाल काटा। इस क्रम में शिक्षक विद्यालय बन्द कर फरार हो गए। प्रधानाध्यापक फातमा खातून ने बताया कि बच्चों को दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव की आशा कार्यकर्ता नुरायदा खातून व नूरजहां खातून दवा लेकर आई थी। दवा खिलाने के बाद कुछ देर बाद छात्रों ने सिर दर्द व पेट दर्द होने की शिकायत की। सूचना विभाग व सीएचसी को दी गयी है। एम्बुलेंस से छात्रों को सीएचसी भेजा गया। सीएचसी प्रभारी डॉ.असददुल्लाह असद ने बताया कि खासकर पेट में कीड़ा होने पर दवा खाने के बाद ऐसा होता है। ये कोई बड़ी बात नहीं है। बच्चों एक तरह से दवा खाने के बाद भय से भी इस तरह हो जाता है।

# चिरैया में संपन्न हुई इंटरमीडिएट की परीक्षा



चाणक्य भूमि। चिरैया

प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र पर नौंवे दिन पहली पाली में हुई परीक्षा के साथ ही इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। केंद्राधीक्षक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पहली पाली में समाजशास्त्र विषय की परीक्षा के साथ ही उक्त केंद्र की सभी विषयों की परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई। जिसमें सभी 17 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर कार्यालय सहायक के रूप में शिक्षक संतोष कुमार, राघवेंद्र कुमार, दयाशंकर पंडित, आर.के. रवि, मनोज प्रसाद, आदित्य राज, गिरिनंदन, वीरेंद्र राम, विनोद कुमार, मदन राम एवं कंप्यूटर शिक्षिका पल्लवी प्रिया आदि ने सहयोग किया। परीक्षा केंद्र पर पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट सह बीडीओ चिरैया नंदकिशोर साह व सीडीपीओ चिरैया राखी कुमारी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप उपस्थित थे।

# ढाका में जोरों पर है सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी

**समारोह में 25 को 151 वर - वधु लेंगी सात फेरें**

**उच्च विद्यालय परिसर में होगा विवाह समारोह**



चाणक्य भूमि। घोड़ासहन

ढ़ाका स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में 25 फरवरी को भाजपा के ढाका विधायक पवन जायसवाल द्वारा कराए जा रहे 151 वर वधुओं के सामुहिक विवाह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस कड़ी में वर वधुओं के परिजनों से प्राप्त आवेदनों की जांच कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर कराया जा रहा। जानकारी देते समाजिक कार्यकर्ता आकाश जायसवाल ने बताया कि विवाह समारोह का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय, लाचार जिनके माता - पिता ना हो वैसे वर वधुओं का विवाह कराना है। सामूहिक विवाह में शामिल प्रत्येक जोड़े को 11 हजार रुपए का चेक और चालीस हजार रुपए के गृहस्थ जीवन में आने वाले समाग्री दिया जाएगा। विवाह में आए हुए लोगों के मनोरंजन के लिए भोजपुरी के सुप्रशिद्ध कलाकारों का कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें सभी लोग सादर आमंत्रित हैं।

# सुगौली में चोरों ने दो घरों में पांच लाख रुपए से अधिक की संपति की चोरी

**नगर के वार्ड 3 व 4 स्थित घरों में हुई चोरी की घटना**

**चोरी की लगातार वारदात से आम लोगों में आक्रोश**

चाणक्य भूमि। सुगौली

सुगौली नगर में चोरों का आतंक लगातार जारी है। शुक्रवार की रात वार्ड संख्या 4 के बहरूपिया और वार्ड संख्या 3 के कुरुमटोला स्थित घरों में चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। बहरूपिया गांव के आईटीआई के इंस्ट्रक्टर मो. सलीम के घर चोरों ने ताल तोड़कर घर में घुसे और बारी-बारी तीन कमरों में रखे बक्से व अलमारी का ताला तोड़ दिया। इसके बाद घर में रखे करीब पांच लाख रुपए के सोने का आभूषण व एक लाख रुपए लेकर चंपत हो गए। घर की महिलाओं ने बताया की



बीती रात मेरी मां की तबियत खराब होने से मैं बगल के गांव नवडीह उन्हें देखने गई थी। सुबह जब घर में आई तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था और घर के सभी बक्से और अलमारी खुले हुए थे। जिसमे पांच लाख रुपए के जेवर और एक लाख रुपए नकद था। वहीं बगल के वार्ड तीन के कुरूमटोला निवासी एसएसबी जवान चंद किशोर यादव का घर बंद पड़ा था। चोर रात्रि को बगल के घर के कुंडी को बाहर से लगा कर एसएसबी के जवान के घर के बाहर के ताला को तोड़ कर अंदर घुस कर सभी कमरे का ताला तोड़ कर सभी बक्से और अलमारी को तोड़ कर कीमती सामान लेकर चोर भाग गए। पीड़ित ने फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने घटना की जानकारी ली। बताते चले कि बीते एक सप्ताह में चोरों ने पांच घरों में भीषण चोरी कर घटना को अंजाम दिया है। घटना को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है।

# हनुमानजी की आराधना से बड़ी से बड़ी बाधाएं हो जाती हैं दूर

**आश्रम में हनुमान आराधना का हुआ आयोजन**



चाणक्य भूमि। मोतिहारी

हनुमान जी एक ऐसे देव हैं, जिनकी आराधना से बड़ी से बड़ी ग्रह बाधा और जीवन में चल रही समस्या का समाधान शीघ्र मिल जाता है। कलयुग में बजरंगबली की आराधना शीघ्र फलदाई बताई गई है। जीवन में सभी प्रकार की समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए श्री हनुमान आराधना रामबाण उपाय माना गया है। उक्त बातें प्रत्येक महीने के दूसरे शनिवार को देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में आयोजित हनुमान आराधना के अवसर पर आराधना व्यास रामचंद्र शाह ने कहीं। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व शांति और भक्तों के कल्याणार्थ प्रत्येक माह आयोजित होने वाले हनुमान आराधना आज श्रद्धा और भक्ति के साथ आश्रम में मनाया गया और लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया आगे भी यह भक्तिमय आयोजन चलता रहेगा। मौके पर सचिव डॉ. जय गोविंद प्रसाद, विजय मिश्रा, राजीव कुमार, पप्पू कुमार, राकेश कुमार, डॉ. शंभू प्रसाद, रंजन कुमार आदि थे।

# बापूधाम स्टेशन पर मिशन अन्नपूर्णा रसोई में लगातार 105 वें सप्ताह जरूरतमंदों ने किया भोजन

चाणक्य भूमि। मोतिहारी




मानव सेवा की मिसाल बनी मिशन अन्नपूर्णा रसोई। जरूरतमंद, गरीब व असहायों को लगातार प्रत्येक सप्ताह भोजन कराने का 105 वा सप्ताह मिशन मिशन अन्नपूर्णा ने पूरा कर लिया है। बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर 105 वां आयोजन गरीब, टेंपो चालक, रिक्शा चालक, रोजमर्रा मजदूरी करने वाले यात्रियों जरूरतमंदों के बीच भरपेट निःशुल्क भोजन वितरण किया गया। सोशल मीडिया पर इस आयोजन को देख कर आज के सेवा सहयोगी विजय राय ज्योति ट्रेडर्स बेतिया, जिन्होंने अपने पोते के जन्म दिवस पर जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटी। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यह सेवा कार्य करने से संस्था के सभी सदस्यों ने इस जरूरतमंदों असहायों गरीब लोगों की आत्मा को तृप्त कर उनकी एक समय का भोजन की समस्या को दूर कर रहे हैं। आजीवन सहयोगी विनोद जालान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कहा गया है सेवा परमो धर्मा अपने लिए तो सभी जीते हैं। मजा तो जब गरीब व असहायों के लिए कुछ सेवा की जाये, हमारा संगठन गरीबों की मदद के लिए सदैव तत्पर है यह सेवा आगे भी चलता रहेगा। अन्नपूर्णा रसोई के सेवक राजेंद्र जालान ने बताया कि देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकारनाथ जालान सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वधान आयोजित यह सेवा में आज 400 से अधिक जरूरतमंदों के बीच मसालेदार खिचड़ी और अचार का वितरण किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राम भजन, विक्की कुमार, रविंद्र कुमार, गुड्डू कुमार रामचंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरवल की शिक्षिका ने बच्चों की जमकर पिटाई की

चाणक्य भूमि। बेतिया

बगहा के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरवल में प्राचार्य द्वारा छात्रों की डंडों से जमकर पिटाई का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को स्कूल की 6 छात्राओं को प्राचार्य सीमा कुमारी ने डंडों से जमकर पीटा। इस घटना के बाद, रोते हुए बच्चे पंचायत की मुखिया के पास पहुंच गए। मुखिया सकीना खातून ने बताया कि बच्चियों ने स्कूल की प्राचार्य सीमा कुमारी के लिए डंडों से पिटाई की शिकायत की है। कई बच्चियां जख्मी भी हैं, जिनका स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया है। मुखिया ने कहा कि प्राचार्य को कई बार समझाया गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इस सम्बंध में प्रखंड विकास अधिकारी जयराम चौरसिया ने बताया कि इससे पहले भी शिक्षिका की शिकायत उनके पास आई थी। इस मामले की जाँच कर



शिक्षिका पर कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस सम्बंध में पत्र लिखा जा रहा है। वहीं प्राचार्य ने इस मामले मे अपने ऊपर लगाये गये आरोपों को नकारा है और दावा किया है कि वे शनिवार को डंडा लेकर स्कूल में घूम रही थी ताकि बच्चे अनुशासन में रहें। उनके द्वारा बच्चों की पिटाई नहीं की गई थी।

# बच्चों को आग पर काबू करने का बताया गया तरीका



चाणक्य भूमि। पताही

अग्निशमन विभाग की ओर से आग से सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। इस कड़ी में शनिवार को क्षेत्र में अग्निशमन पदाधिकारी नवीन कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूल बच्चों को आग पर काबू पाने का तरीका बताया। कर्मियों द्वारा इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, गैस एजेंसी, अपार्टमेंट आदि जगहों पर मॉकड्रिल का आयोजन कर आग लगने पर उसे बुझाने के उपाय बताएं। साथ ही लोगों व बच्चों के बीच पंपलेट का वितरण कर उन्हें आग से बचाव की जानकारी दी। शॉट सर्किट, एलीपीजी गैस सिलिंडर आदि से आग लगने की स्थिति में सुरक्षात्मक उपाय बताये। अग्निशमन कर्मियों द्वारा इस दौरान प्रखंड की शिवाजी पब्लिक स्कूल में मॉकड्रिल किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में इस दौरान अग्निसुरक्षा संबंधी पंपलेट का वितरण किया गया।

# पंचायत समिति की बैठक में जविप्र दुकानदारों की मनमानी का छाया रहा मुद्दा

चाणक्य भूमि। तुरकौलिया

**मुखिया ने एमओ पर कार्यालय नहीं आने का लगाया आरोप**



प्रखंड परिसर स्थित सभागार भवन में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख विभा यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया व विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुखिया रामजनम पासवान ने कहा कि एमओ कार्यालय नहीं आते हैं। जन वितरण प्रणाली दुकानदार मनमानी कर रहे हैं। लाभुकों को मानक के अनुरूप राशि नहीं मिल रही। एमओ का कार्यालय शोभा का वस्तु बन गया है। मुखिया एजाज अहमद ने भी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि आम लोग अनाज कम मिलने की शिकायत करते हैं, लेकिन कंप्लेन पर कोई कार्रवाई नहीं होती, वहीं दूसरे सदस्यों ने सदन को बताया कि आइसीडीएस कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर सही से बच्चों को नहीं खिलाया जाता है। पोशाक वितरण में भी गड़बड़ी की जाती है। सीडीपीओ भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। किसी प्रकार का कार्रवाई नहीं करतीं हैं। आईसीडीएस दफ्तर की जांच होनी चाहिए। मजदूरों का श्रम कार्ड नही बनाया जाता है। पंसस अनिल पासवान ने बताया कि राशन कार्ड बनाने के लिए कार्यालय से अवैध पैसे की मांग की जाती है।

**प्रस्ताव पर होगा अमलः बीडीओ-** जिनके पास राशन कार्ड है, उनको राशन कम दिया जाता है। बैठक के दौरान प्रखंड प्रमुख को विश्वास मत हासिल करने पर धन्यवाद दिया गया। सदस्यों के बातों को सुनने के बाद बीडीओ रमेंद्र कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि जो जो प्रस्ताव आया है। सभी को अमल में लाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख शाहिदा बेगम, बीडीओ रमेंद्र कुमार, पीओ जीतेंद्र कुमार, आरओ सुबोध कुमार, जेई कन्हैया कुमार, मुखिया रामजनम पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष सुनील टाइगर, एजाज अहमद, विनोद सिंह, ई0 एहतेशाम अहमद, विनय कुमार, विजय साह, पंसस अमेरिका पासवान, रजनीश राय उर्फ पेटू राय, अशोक यादव, शहजाद अंसारी, ईद मुहम्मद, अशरफी महतो, राजकिशोर सिंह, मिथलेश कुमार सोनी, राजकिशोर सिंह आदि मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने लौरिया प्रखंड कार्यालय तथा नरकटियागंज प्रखंड एवं अनुमंडल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

- तीव्र गति से कार्यों को निष्पादित करने का दिया निर्देश।
- लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर की जा रही तैयारियों की भी की गयी समीक्षा।

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने आज लौरिया प्रखंड कार्यालय, नरकटियागंज प्रखंड एवं अनुमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न विभागों के कार्यालयों में जाकर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों से कार्यालय के वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इस क्रम में कमी पाये जाने पर आवश्यक दिशा-निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कर्मियों एवं अधिकारियों की खोजबीन जिलाधिकारी द्वारा की गयी। संतुष्ट नहीं होने पर चेतावनी देकर वरीय पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यालय में रक्षित आगत-निर्गत पंजी, कैशबुक, कर्म पुस्तिका का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय में अवस्थित वीसी रूम, सभाकक्ष, निर्वाचन कक्ष, लोहिया स्वच्छता अभियान कक्ष, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कक्ष, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को ससमय कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में आम जनता द्वारा शिकायत किये जाने पर उनकी समस्याओं को जिलाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया। साथ ही समस्याओं का निराकरण करने




हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया।अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान म्युटेशन कार्य समयबद्ध नियमानुसार करने का सख्त निर्देश अधिकारियों एवं कर्मियों को दिया गया। आमजनों द्वारा म्युटेशन कार्य को लेकर आ रही परेशानियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी एवं कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि कार्यों को नियमानुसार ससमय पूरा कराना सुनिश्चित किया जाय। आमजनों को बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। मनरेगा कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी से किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी द्वारा ली गयी। साथ ही नियमानुसार सभी लंबित कार्यों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। कार्यालय में उपस्थित कर्मियों से भी पूछताछ की गयी। इसी क्रम में अवर निबंधन कार्यालय एवं आपूर्ति कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय आदि का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने कार्यों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। लौरिया प्रखंड कार्यालय निरीक्षण के क्रम में आम जनता एवं अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रखंड कार्यालय की चहारदीवारी नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। नरकटियागंज अनुमंडल कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में एसडीएम कार्यालय वेश्म में संबंधित पदाधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, एसडीएम, नरकटियागंज, श्री सूर्य कुमार गुप्ता, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्री अनंत कुमार, निदेशक, डीआरडीए, श्री अरूण प्रकाश, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एटीएम से पैसे निकाल लौट रहे युवक की दर्दनाक हत्या, मझौलिया के पारसपकड़ी की घटना

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजा

**चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया**

थाना क्षेत्र के पारस पकड़ी सरेह में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गया।मृतक का पहचान कोहड़गढ़ निवासी रामजी राम के 22 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में की गई है।परिजनों ने बताया कि संजीव कुमार राम अपने घर से सुबह पारस पकड़ी बैंक स्थित एटीएम से पैसा निकालने गया था। काफी देर बीतने पर नही लौटा तो परिजनों उनका खोजबीन शुरू कर दिया।खोज के क्रममें पता चला कि घर के कोहड़गर जानेवाली सरेही रास्ता में शव पड़ा है। आनन फानन में परिजन वहाँ पहुंचे और पुलिस को खबर की।सूचना पर पहुचीं मझौलिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हेतु भेजा।उधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि शव कोपोस्टमार्टम में भेजकर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दिया गया है।मृत युवक गुजरात मे काम करता था तथा एक सप्ताह पहले घर आया था।परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है।






## सड़क हादसे में एक की मौत कई घायल

**चाणक्य भूमि। बगहा**–बेतिया मार्ग के छोटकीपट्टी चौक पर गन्ना लदी ट्राली और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल हो गया। दोनों को सूचना पर 112 की पुलिस ने अनुमण्डलीय अस्पताल पहुंचाया। चिकत्साक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक की पहचान भैरोगंज थाना क्षेत्र के भैरोगंज गांव निवासी कमलेश यादव पुत्र भोला यादव (18) के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक मृतक का चचेरा भाई सिकंदर यादव हैं। चिकित्सक ने सिकंदर यादव को प्राथमिक उपचार के बाद GMCH बेतिया रेफर कर दिया हैं। दरअसल, भोला ही बाइक चला रहा था। वह हेलमेट नहीं पहना था। अगर हेलमेट पहना होता तो जान बच सकती थीं। जबकि दूसरे हादसे में टेम्पु में सवार आधा दर्जन लोग दुर्घटना का शिकार हो गया हैं। घायलों में भैरोगांज थाना क्षेत्र के नूनिया टोला गांव निवासी नगीना देवी, ठगई चौधरी, नर्मदा देवी राजकुमार, बुलत कुमार सामिल हैं। इन घायलों में तीन की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज GMCH बेतिया रेफर कर दिया गया हैं। अन्य घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है, फिल्हाल अन्य घायलों की स्तिथी सामान्य हैं।

## ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। मोतिहारी** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर 600 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा ने जिले में मादक पदार्थ की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अलग अलग टीम बनाकर छापेमारी कर तस्करी पर रोक लगाने के लिए निर्देश दिया था। जानकारी के अनुसार रक्सौल एडीपीओ धीरेंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कुछ तस्कर मादक पदार्थ नेपाल से भारत ला रहे है। जिसके बाद सूचना सत्यापन कर तस्करों की गिरफ्तारी के लिए टीम बना कर छापेमारी का निर्देश दिया। जिसके बाद रामगढ़वा थाना क्षेत्र में दो बाईक पर सवार चार लोगों को जाँच के लिये रोका गया परंतु पुलिस को देख सभी तस्कर भागने लगे। पुलिस ने खदेड़ कर उनको पकड़ा और उन चारों की तलाशी ली । तलाशी के दौरान उसके पास से 600 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ, जिसका अंतर्राष्ट्रीय बाजार में साठ लाख रुपए बताया जा रहा है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान दरपा थाना क्षेत्र के पासपत साह, रक्सौल थाना क्षेत्र के जितेन्द्र साह, श्याम बाबू कुमार और पश्चिम चम्पारण के सिकटा थाना क्षेत्र में विरू श्रीवास्तव शामिल है। गिरफ्तार तस्कर के पास से ब्राउन शुगर 600 ग्राम और दो मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## चोरी के बाइक के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। मोतिहारी** पुलिस ने देर रात चोरी के बाइक के साथ तीन चोर को कल्याणपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है चाणक्य भूमि। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह के सदस्यों को देखा गया है। सूचना का सत्यापन करते हुए एक टीम का गठन किया और आसपास के थाना क्षेत्र के नाकेबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की गई। इस दौरान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर चौक के पास देर रात करीब दो बजे एक बाइक पर सवार तीन लोगों को देखा गया, जब उससे पूछताछ की गई तो उनलोगों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने उनको पकड़ लिया 1 जिसके बाद उन लोगों से गाड़ी का पेपर मांगा गया परंतु उन लोगों द्वारा पेपर नहीं दिखाया गया और बताया गया कि गाड़ी खरीदे हुए है। जिसके बाद बाइक की जांच में पता चला की यह बाइक चोरी की है। एसडीपीओ ने बताया कि जिन तीनो चोर को चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया हैं। सभी केसरिया थाना क्षेत्र के रहने बाला है। पकड़े गए चोरों की पहचान सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार व कमलेश कुमार के रूप मे हुई है 1 सभी से पूछताछ की जा रही है। कई चोरी के कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। वही अपने साथ काम करने वाले कई चोर के नाम का खुलासा किया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के अलावा कल्याणपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, एसआई राकेश कुमार, एसआई श्याम कुमार राय सहित पुलिस बल शामिल थे 1

## सहोदरा थाना के एकवा जंगल से युवती का शव बरामद




**चाणक्य भूमि। बेतिया**

सहोदरा थाना क्षेत्र के एकवा जंगल में एक युवती का शव बरामद हुआ है युवती की गला रेतकर हत्या की गई है। शनिवार की शाम कुछ लोग जंगल की ओर गए तो शव को देखा। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। लड़की के पेट पर भी चाकू के छह से ज्यादा वार हैं। वहीं घटना स्थल के आसपास खून बिखरे थे। साथ ही लड़की ने ब्लू कलर की जैकेट, जींस पहनी थी। बाएं हाथ पर राज लिखा था। संभावना जताई जा रही है कि घटनास्थल पर ही युवती की हत्या की गई है। हालांकि युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

# नगर निगम में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के कार्यक्रम का महापौर ने किया उद्घाटन

- अपनी शरीर के बदसूरत और बेडौल होने से बचाव के लिए सबको फाइलेरिया की दवा लेना अनिवार्यः गरिमा
- स्वास्थ्य विभाग के स्तर से दस से 26 फरवरी तक शहर से गांव तक में चलाया जा रहा जिले में फाइलेरिया रोधी अभियान

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिलाभर में शनिवार को विशेष तौर पर चिन्हित बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी गोली खिलायी गई। नगर निगम कार्यालय परिसर में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के नाम से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ महापौर गरिमा देवी सिकारिया के द्वारा की गई। अभियान का विधिवत उद्घाटन के बाद नगर निगम के पदाधिकारी और कर्मियों ने भी फाइलेरिया रोधी की दवा महापौर श्रीमती सिकारिया द्वारा स्वयं खिलाई गई। फाइलेरिया बिमारी फाइलेरिया संक्रमण मच्छरों के काटने से फैलती है। इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हाथी पाव के नाम से चर्चित फाइलेरिया की बीमारी हमारे समाज के लिए एक बड़ी समस्या रही है। यह रोग मच्छर के काटने से होता है, जो फ्युलेक्स एवं मैनसोनाइडिस प्रजाति के होते हैं। बदसूरत और बेडौल शरीर होने बचाव के लिए सबको फाइलेरिया की दवा अवश्य लेनी चाहिए। इसकी दवा



दो से 60 साल तक की उम्र के लोगों को साल में केवल एक बार खा लेने से इसका खतरा टल जाता है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम राजू सिंह ने बताया जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लाखों घरों में लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी. उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को बूथों पर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी और छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाने का काम स्वास्थ्य कर्मियों और आंगनबाड़ी सेविका द्वारा किया जाएगा। उन्होंने ने यह भी बताया कि गंभीर रूप से बीमार लोगों को यह दवा नहीं खिलाई जाती है। फाइलेरिया रोधी दवा खाने के बाद यदि उल्टी, दस्त या हल्का बुखार हो तो चिंता की कोई बात नहीं है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के पीएल अभिनव कुमार, समन्यक धर्मेंद्र यादव, श्याम सुंदर और विपिन कुमार एवं नगर निगम के सिटी मैनेजर अरविंद कुमार, जुलम साह, तबरेज आलम इत्यादि की सहभागिता रही।

# दवा खाकर उपविकास आयुक्त ने किया एमडीए/आइडीए अभियान का उद्घाटन, स्वास्थ्यकर्मियों के सामने दवा खाने की अपील

**चाणक्य भूमि। मुजफ्फरपुर**

10 फरवरी फाइलेरिया बचाव के लिए एमडीए/ आइडीए अभियान की शुरुआत शनिवार को उपविकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने दवा खाकर की। डीडीसी ने बताया कि फाइलेरिया गंभीर बीमारी है। इससे बचने का एकमात्र रास्ता साल में एक बार एमडीए के दवाओं का सेवन है। पिछले वर्ष जिले में एमडीए अभियान के अंतर्गत 65 प्रतिशत से ज्यादा का कवरेज प्राप्त किया था। इस दवा को स्वास्थय कर्मियों के सामने ही खाना है। इसे खाने के लिए लोग अपने परिवार वालों को भी आगे लाए। एक प्रतिशत भी कवरेज छूटता है तो उनकी वजह से बाकी लोगों में संक्रमण हो सकता है। जन जन तक यह संदेश देना जरूरी है कि एक भी व्यक्ति न



इस दवा से वंचित न रहे। नाईट ब्लड सर्वे के दौरान बनाए गए सत्रों और फाइलेरिया क्लिनीक पर विशेष रूप से इस अभियान के चलाने की जरूरत है। वहीं जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने कहा कि इस दवा के प्रतिकूल प्रभाव से घबराना नहीं है। जिनमें माइक्रोफाइलेरिया होते हैं उनमें ही मामूली प्रतिकूल प्रभाव देखे जाते हैं। समाहरणालय में भी एक बूथ का निर्माण किया गया है। द्वारिका नगर के भगवती फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क मेंबर के रामकुमार सिंह सहित अन्य फाइलेरिया मरीज ने गांव में घूमकर लोगों को सर्वजन दव सेवन अभियान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने गांव में खासकर बच्चों के अभिभावकों को अभियान के प्रति जागरूक किया। मीनापुर के मधुबनी के मध्य विद्यालय में पंचायत समिति लाल बाबू राय के और शिवचंद्र प्रसाद पैक्स अध्यक्ष के द्वारा सर्वजन दवा सेवन अभियान की शुरूआत की। अभियान के पहले तीन दिन स्कूलों तथा सरकारी अस्पताल में बूथ लगाकर तथा अन्य 14 दिनों तक घर घर जाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। खुद्दी राम बोस कारावास में उप अधीक्षक द्वारा और रेलवे स्टेशन पे प्रबंधक के द्वारा दवा खाकर अभियान की शुरुआत की गई। जेल में आशा के द्वारा कैदियों को दवा खिलाई गई। रेलवे स्टेशन पर उद्घोषणा भी किया जा रहा है। मौके पर डीडीसी आशुतोष द्विवेदी, डीएमओ डॉ सतीश कुमार, डीपीआरओ दिनेश कुमार, डीपीएम रेहान अशरफ, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अनशनकारी से सम्मानजनक वार्ता कर जल्द मांग पूरी करे- किरण यादव

**समाहरनालय के समक्ष विगत 16 दिनों से बैठे अनिश्चितकालीन अनशनकारी के समर्थन में उतरे समाजसेवी**

**चाणक्य भूमि। खगड़िया**

देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव, महासचिव उमेश ठाकुर, सचिव धर्मेंद्र कुमार, सह सचिव कालेश्वर ठाकुर, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, सहकर्मी तितली भारती, अधिवक्ता सच्चिदा यादव, पांडव यादव, गणेश तांती आदि ने धरना स्थल पर पहुंचकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विगत 16 दिनों से समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे समाजसेवी जितेंद्र कुमार के 16 सूत्री मांगों को जायज ठहराते हुए पूरजोर समर्थन किया। वहीं 16 दिन गुजरने के बावजूद जिलाधिकारी द्वारा सुधि नहीं लेने एवं उक्त संवेदनहीनता के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन का उदासीनता अनदेखी उपेक्षा के विरुद्ध एवं मांगों के बाबत जमकर नारे लगाए। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव सहित समाजसेवियों ने कहा कि सभी स्कूलों में योग की शिक्षा देने, योग शिक्षक की बहाली करने, जिला से लेकर प्रखंड तक सभी सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, खगड़िया से लेकर अलौली तक जल्द ट्रेन चालू करने, 52 कोठरी 53 द्वार, अलौली गढ, पीरनगरा का कुआं, चंदवा डीह, अघोरी स्थान, कसरैया धार, कात्यायनी मंदिर आदि धरोहर विरासत को पर्यटन स्थल का दर्जा देने एवं जीरणोद्धार करने मोटेशन करने - रसीद काटने में घूसखोरी, प्रधानमंत्री आवास में घूसखोरी, शिक्षा स्वास्थ्य बिजली विभाग आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, योग युक्त-भ्रष्टाचार मुक्त खगड़िया बनाने आदि मांग जिला प्रशासन एवं सरकार से मांग किया। श्री यादव ने पटना के पुराना संग्रहालय के अस्तित्व को बचाने , 2017 से बंद पड़े म्यूजियम को जल्द चालू करने, पुराने म्यूजियम के सभी पुरातत्व सामग्री को पुनः वापस कर पुराने म्यूजियम में स्थापित करने, अपने म्यूजियम को तोड़े बगैर अन्यंत्र रिक्त स्थल से सुरंग आर्ट गैलरी बनाने, सभी पंचायत के सफाई कर्मी का लंबित वेतन भुगतान करने एवं जूता दस्ताना ड्रेस मास्क कुदाल फावड़ा किट उपलब्ध कराने आदि मांग किया।


















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714